**दिनांक: 21.08.2026**

**-प्रेस नोट-**

**"ऑपरेशन सवेरा"**

**"नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर"**

# सहारनपुर पुलिस की नशा तस्करों के विरूद्ध कडी कार्यवाही

## थाना फतेहपुर पुलिस द्वारा मादक पदार्थ की तस्करी करने वाला 01 नशा तस्कर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 271 ग्राम अवैध चरस बरामद

*अवगत कराना है कि श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर द्वारा मादक पदार्थों / नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंन्धित दवाओं की तस्करी / बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए ठोस एवं समन्वित कार्यवाही हेतु परिक्षेत्र सहारनपुर के तीनो जनपदो में **"ऑपरेशन सवेरा" – "नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर"** अभियान चलाया जा रहा है।*

*इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन मे नशीलें पदार्थों की तस्करी/बिक्री की रोकथाम व नशे के कारोबार मे शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान "आपरेशन सवेरा" के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक श्री वीरेन्द्र सिंह राणा के कुशल नेतृत्व में दिनांक 20.08.2026 को मुखबिर की सूचना पर थाना फतेहपुर पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान **01 नशा तस्कर अभियुक्त शारुफ पुत्र मुसर्रफ निवासी ग्राम दतोली मुगल थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर** को दतौली मुगल व ग्राम बेहडा संदल सिंह के बीच आम का बाग से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 271 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना फतेहपुर पर मु0अ0सं0 329/26 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के पंजीकृत किया गया है अभियुक्त द्वारा मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के संबंध में FORWARD AND BACKWARD लिंको की जाँच की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किये जा रहे है।*

***गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-***

*शारूफ पुत्र मुसर्रफ निवासी दतौली मुगल थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर उम्र 24 वर्ष।*

***बरामदगी का विवरण -***

- *271 ग्राम चरस*

***आपराधिक इतिहास –***

1. *मु0अ0स0 329/26 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर*
2. *मु0अ0सं0 337/16 धारा 323/506 भादवि व 3(1)(10) एससी/एसटी एक्ट थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर*

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -***

1. *प्रभारी निरीक्षक श्री वीरेन्द्र सिंह राणा थाना फतेहपुर सहारनपुर*
2. *उ0नि0 श्री अमित सोनी थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर*
3. *है0का0 307 प्रदीप कुमार थाना फतेहपुर सहारनपुर*
4. *रि0का0 809 आकाश थाना फतेहपुर सहारनपुर*
5. *रि0का0 770 बबबू थाना फतेहपुर सहारनपुर*

दिनांक- 21.08.2026

-प्रेस नोट-

"ऑपरेशन सवेरा"

"नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर"

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## थाना गंगोह पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी करने वाला 01 शातिर नशा तस्कर/अभियुक्त गिरफ्तार, अभियुक्त के कब्जे से 30 ग्राम स्मैक बरामद

*अवगत कराना है कि श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर द्वारा मादक पदार्थों / नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंन्धित दवाओं की तस्करी / बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए ठोस एवं समन्वित कार्यवाही हेतु परिक्षेत्र सहारनपुर के तीनो जनपदो में "ऑपरेशन सवेरा" – "नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर" अभियान चलाया जा रहा है।*

*इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन मे, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी गंगोह के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक गंगोह श्री इन्द्रेश कुमार के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 21.08.2026 को मुखबिर की सूचना पर थाना गंगोह पुलिस द्वारा चेकिंग व गस्त के दौरान* ***01 शातिर नशा तस्कर अभियुक्त मय्यूर पुत्र महबूब नि0 मौ0 गुर्जरवाडा (लाल मस्जिद के पास) कस्बा व थाना गगोह जिला सहारनपुर*** *को लखनौती-बुढडाखेडा रोड से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 30 ग्राम अवैध स्मैक भी बरामद हुई। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना गंगोह पर मु0अ0सं0 398/26 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त द्वारा मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के संबंध में FORWARD AND BACKWARD लिंको की जाँच की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किये जा रहे है।*

### गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

1. मय्यूर पुत्र महबूब निवासी मौहल्ला गुर्जरवाडा (लाल मस्जिद के पास) कस्बा व थाना गंगोह जिला सहारनपुर

### बरामदगी का विवरण-

- 30 ग्राम स्मैक

### अपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0स0 087/2026 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना गंगोह जिला सहारनपुर
2. मु0अ0स0 398/2026 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना गंगोह जिला सहारनपुर

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री इन्द्रेश कुमार थाना गंगोह जनपद सहारनपुर
2. उ0नि0 आजाद सिह थाना गंगोह जनपद सहारनपुर
3. है0का0 12 अंकुश गोदारा थाना गंगोह जनपद सहारनपुर
4. है0का0 639 मुकेश कुमार थाना गंगोह जनपद सहारनपुर
5. है0का0 259 दीपक सागर थाना गंगोह जनपद सहारनपुर

दिनांक- 21.08.2026

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## थाना गंगोह, सहारनपुर पुलिस द्वारा फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर विधवा पेंशन दिलाकर सरकारी धन का दुरूप्रयोग करने के मुकदमें में आरोपी अभियुक्त गिरफ्तार

**घटना का विवरणः-** दिनांक 18.08.2026 को वादी श्री कुशलपाल सिंह सहायक विकास अधिकारी (पंचायत विकास खण्ड अधिकारी) की हिन्दी टाईपशुदा तहरीर बाबत कर्मचारीगण 1.गौरव शर्मा पुत्र अनिल कुमार शर्मा ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम खानपुर गुर्जर व 2.साबिर पुत्र साजिद पंचायत सहायक ग्राम पंचायत ग्राम खानपुर गुर्जर थाना गंगोह जनपद सहारनपुर द्वारा फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर विधवा पेशंन दिलाकर सरकारी धन के दुरूप्रयोग के सम्बन्ध में थाना गंगोह पर मु0अ0स0 394/26 धारा 61(2)/318(4)/338/336(3)/340(2)/316(5) बीएनएस के पंजीकृत किया गया।

**पुलिस कार्यवाहीः-** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन मे अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार संघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी गंगोह के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक गंगोह श्री इन्द्रेश कुमार के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 21.08.2026 को मुखबिर की सूचना पर थाना गंगोह पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में त्वरित प्रभावी कार्यवाही करते हुए **01 वांछित अभियुक्त साबिर पुत्र साजिद निवासी ग्राम खानपुर गुर्जर थाना गंगोह जनपद सहारनपुर** को सरकारी अस्पताल कस्बा गंगोह से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

साबिर पुत्र साजिद निवासी ग्राम खानपुर गुर्जर थाना गंगोह जनपद सहारनपुर

### अपराधिक इतिहास (अभियुक्त साबिर) -

1. मु0अ0स0 16/2024 धारा 153बी,295ए,505(2) बीएनएस थाना गंगोह जनपद सहारनपुर

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. निरीक्षक श्री लाल सिंह थाना गंगोह जनपद सहारनपुर (विवेचक)
2. उ0नि0 श्री दीपक कुमार राठी थाना गंगोह जनपद सहारनपुर
3. है0का0 259 दीपक सागर थाना गंगोह जनपद सहारनपुर
4. है0का0 12 अकुश गोदारा थाना गंगोह जनपद सहारनपुर
5. है0का0 639 मुकेश कुमार थाना गंगोह जनपद सहारनपुर

**दिनांक: 21.08.2026**

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना देवबंद, पुलिस द्वारा दुष्कर्म के मुकदमें में वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**घटना का विवरणः**- दिनांक 20.08.2026 को वादिया की लिखित तहरीर बाबत अभियुक्त सुधीर भारद्वाज पुत्र रणजीत निवासी मौहल्ला देवी कुण्ड थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर द्वारा वादिया को नौकरी दिलाने का झांसा देकर मिश्रा कालोनी में कमरा दिलाने, कमरे में रखा सामान (बर्तन, सिलेण्डर, दो चारपाई व स्कूटी आदि) को हडप लेना, वादिया के साथ दुष्कर्म कर वीडियों बनाकर वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर लगातार दुष्कर्म करना, विपक्षी सुधीर उपरोक्त द्वारा अन्य लोगो से 4-5 लाख रूपये लेकर वादिया को देह व्यापार के लिये लगातार मजबूर करके अपने साथ होटलो में ले जाकर उसके साथ स्वंय व अन्य लोगो से दुष्कर्म कराना व गाली गलौज कर जातिसूचक शब्दो से अपमानित कर वादिया के परिवार को जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना देवबंद पर मु0अ0स0 605/2026 धारा 316(2)/64(2)(m)/70(1)352/143(2) बीएनएस व 3(2)5क SC/ST ACT व धारा 5 अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम 1956 (PITA) के पंजीकृत किया गया। विवेचना व पीडिता के बयान के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 351(3) बीएनएस व धारा 3(1)द, 3(1)ध एससी/एसटी की वृद्धि की गयी।

**पुलिस कार्यवाहीः**- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा तत्काल घटना का संज्ञान लेकर अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु आदेश-निर्देश दिए गये। आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी देवबंद के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना देवबन्द श्री कपिल देव के कुशल नेतृत्व में दिनांक 20.08.2026 को मुखबिर की सूचना पर थाना देवबंद पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में त्वरित प्रभावी कार्यवाही करते हुए **वांछित अभियुक्त सुधीर भारद्वाज पुत्र रणजीत निवासी मौहल्ला देवी कुण्ड थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर** को कस्बा बाजार से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

1. सुधीर भारद्वाज पुत्र रणजीत निवासी मौ0 देवी कुण्ड थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर

**आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0सं0 188/2015 धारा 323/354(ख)/452 भादवि व 3(1)(10) SC/ST ACT थाना नांगल सहारनपुर
2. मु0अ0सं0 501/2016 धारा 153ए/295ए/298/500/501 भादवि थाना देवबन्द सहारनपुर
3. मु0अ0सं0 365/2017 धारा 147/149/332/352/353/427/504/506 भादवि थाना देवबन्द सहारनपुर
4. मु0अ0सं0 476/2024 धारा 147/148/323/427/452/504/506 भादवि थाना देवबन्द सहारनपुर
5. मु0अ0सं0 370/2025 धारा 147/148/323/392/504/506 भादवि 3(1)(घ)(द) SC/ST ACT थाना देवबन्द सहारनपुर
6. मु0अ0सं0 170/2026 धारा 308(2)/356(2)/352/351(3) BNS थाना देवबन्द सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. उ0नि0 श्री रोबिल्स कुमार, थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर
2. का01646 दीपक कुमार, थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर
3. का0 681 अभिषेक कुमार, थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर

दिनांक- 21.08.2026

**-प्रेस नोट-**

**"ऑपरेशन सवेरा"**

"नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर"

## !! सहारनपुर पुलिस की नशा तस्करों के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही !!

## थाना चिलकाना पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी करने वाला 01 नशा तस्कर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 36.50 ग्राम अवैध स्मैक बरामद

*अवगत कराना है कि श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर द्वारा परिक्षेत्र सहारनपुर में मादक पदार्थों/नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंन्धित दवाओं की तस्करी,बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए ठोस एवं समन्वित कार्यवाही हेतू परिक्षेत्र सहारनपुर के तीनो जनपदो में **"ऑपरेशन सवेरा" – "नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर"** अभियान चलाया जा रहा है जिसके अन्तर्गत नशा तस्करो के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करने हेतू आदेशित किया गया है।*

*इसी क्रम में **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,सहारनपुर** के निर्देशन में मादक पदार्थो की तस्करी/बिक्री की रोकथाम व नशे के कारोबार मे लिप्त अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी श्री विनोद कुमार के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 21.08.2026 को मुखबिर की सूचना पर थाना चिलकाना पुलिस द्वारा गस्त/चैकिंग के दौरान **01 नशा तस्कर अभियुक्त तोहसिब पुत्र शमशाद निवासी ग्राम पिलखनी थाना सरसावा थाना चिलकाना जिला सहारनपुर** को ग्राम पटनी से पिलखनी जाने वाले रास्ते पर बकारका के पास कच्ची चकरोड से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 36.50 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना चिलकाना पर **मु0अ0स0 306/2026 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत** किया गया । अभियुक्त उपरोक्त द्वारा मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के संबंध में FORWARD AND BACKWARD लिंको की जाँच की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

तोहसिब पुत्र शमशाद निवासी ग्राम पिलखनी थाना सरसावा जिला सहारनपुर

**बरामदगी का विवरणः-**

- 36.50 ग्राम अवैध स्मैक

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टी का विवरण-**

1. थानाध्यक्ष श्री विनोद कुमार थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर
2. उ0नि0 श्री रवि कुमार थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर
3. है0का0 859 अमित तोमर थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर
4. है0का0 1107 अरविन्द कुमार थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर
5. का0 1870 पुनित यादव थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर

# ***थाना सरसावा पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अवैध खनन सामग्री से भरे 03 ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज***

*अवगत कराना है कि **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध नियंत्रण, यातायात व्यवस्था सुदृढ़ीकरण व अवैध खनन एवं खनन सामग्री के अवैध परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु जनपद में लगातार संघन चेकिंग अभियान** चलाया जा रहा है।*

*इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं उप जिलाधिकारी नकुड़ व क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष सरसावा श्री प्रवेश कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 21.08.2026 को मुखबिर की सूचना पर थाना सरसावा पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग के दौरान बिना वैध खनन प्रपत्रों के रेत का परिवहन करते हुए **03 ट्रैक्टर ट्रॉलियों को मौके से कब्जे** में लिया गया । कब्जे में लिए गये सभी वाहनों को नियमानुसार सीज किया गया । प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही हेतु सम्बन्धित विभाग को नियमानुसार रिपोर्ट प्रेषित की जायेगी ।*

*उक्त कार्रवाई का उद्देश्य जनपद में अवैध खनन, ओवरलोडिंग एवं खनन सामग्री के नियमविरुद्ध परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाना तथा पर्यावरण संरक्षण एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना है।*

***सीज वाहन विवरणः-***

*03 अदद ट्रेक्टर मय 03 ट्रॉली रेत से भरी हुयी*

***कार्यवाही करने वाली संयुक्त टीम –***

1. *श्रीमान उप जिलाधिकारी नकुड़ मय राजस्व टीम जनपद सहारनपुर ।*
2. *थानाध्यक्ष श्री प्रवेश कुमार शर्मा थाना सरसावा, जनपद सहारनपुर ।*
3. *उपनि0 श्री देवेन्द्र पाल सिंह तोमर थाना सरसावा जनपद सहारनपुर ।*
4. *का0 2466 रोहित थाना सरसावा जनपद सहारनपुर ।*
5. *है0का0 532 ऋषिपाल सिंह थाना सरसावा जनपद सहारनपुर |*
6. *संग्रह आमीन जनपद सहारनपुर ।*

दिनांकः 21.08.2026

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## थाना फतेहपुर, सहारनपुर पुलिस द्वारा कानून एवं शांति व्यवस्था भंग की आशंका के दृष्टिगत 03 अभियुक्त गिरफ्तार

*अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन मे अपराध की रोकथाम व कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार संघन चेकिंग व गश्त की जा रही है। इसी क्रम मे पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक फतेहपुर श्री वीरेन्द्र सिंह राणा के कुशल नेतृत्व मे आज दिनाँक 21.08.2026 को थाना फतेहपुर पुलिस द्वारा चेकिंग व गश्त के दौरान **कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत 03 अभियुक्तगण 1. नरेश पुत्र चन्द्रपाल निवासी ग्राम कमालपुर थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर, 2. विजयपाल पुत्र हरपाल निवासी ग्राम कमालपुर थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर व 3. अंशुल पुत्र विजयपाल निवासी ग्राम कमालपुर थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर** को माहौल खराब करने मे अन्तर्गत धारा 170/126/135 बीएनएसएस में **थाना फतेहपुर क्षेत्र से** गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

### गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता –

1. नरेश पुत्र चन्द्रपाल सैनी निवासी ग्राम कमालपुर थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर
2. विजयपाल पुत्र हरपाल निवासी ग्राम कमालपुर थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर
3. अंशुल पुत्र विजयपाल निवासी ग्राम कमालपुर थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–

1. प्रभारी निरीक्षक श्री वीरेन्द्र सिह राणा थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर
2. उ0नि0 श्री सुबोध कुमार थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर
3. है0का0 851 विपिन पाठक थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर

दिनांक: **21.08.2026**

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## साइबर अपराधों में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु गोष्ठी आयोजित

आज दिनांक **21.08.2026** को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर श्री अभिनंदन, पुलिस अधीक्षक नगर तथा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा **साइबर अपराधों की रोकथाम एवं पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से** रिजर्व पुलिस लाइन, सहारनपुर स्थित सभागार में महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की गई।

गोष्ठी में **क्षेत्राधिकारी साइबर, प्रभारी साइबर थाना, प्रभारी साइबर क्राइम, प्रभारी साइबर सेल मय टीम** तथा जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त **साइबर सेल प्रभारी मय टीम** द्वारा प्रतिभाग किया गया।

गोष्ठी के दौरान साइबर अपराधों से संबंधित शिकायतों पर **त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही**, पीड़ितों की सहायता, साइबर ठगी में गई धनराशि को **तत्काल होल्ड/फ्रीज कराने**, प्रकरणों की गहन विवेचना एवं लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा निर्देशित किया गया कि साइबर अपराध से संबंधित प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा पीड़ितों को समयबद्ध सहायता प्रदान की जाए।**

साथ ही साइबर अपराध के नए तरीकों एवं चुनौतियों की जानकारी प्राप्त कर उनकी रोकथाम हेतु **तकनीकी संसाधनों के प्रभावी उपयोग, आपसी समन्वय एवं सूचना के त्वरित आदान-प्रदान** पर विशेष जोर दिया गया।

**सहारनपुर पुलिस साइबर अपराधों की रोकथाम एवं साइबर पीड़ितों को त्वरित सहायता प्रदान करने हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है।**

-प्रेस नोट-

दिनांकः 21.08.2026

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना कुतुबशेर, सहारनपुर पुलिस द्वारा चोरी का अनावरण करते हुए चोरी की घटना में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, अभियुक्त के कब्जे से चोरी गये 5000/- रुपये नकद बरामद

**घटना का विवरणः-** *दिनांक 21.08.2026 को वादी श्री रामस्वरूप पुत्र बुल्ला निवासी ग्राम कोलागढ़ थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर की लिखित तहरीर बाबत दिनांक 13/14.08.2026 की समय रात्रि करीब 01.30 बजे अभियुक्तगण 1. अरूण पुत्र सूरजभान उर्फ काला व 2. गौरव उर्फ डमरू पुत्र विजय निवासीगण ग्राम कोलागढ़ थाना कुतुबशेर जिला सहारनपुर द्वारा वादी के घर से एक लाख रुपये चोरी कर लेने के सम्बन्ध मे थाना कुतुबशेर पर मु0अ0सं0-380/26 धारा-305(ए) बीएनएस के पंजीकृत किया गया।*

**पुलिस कार्यवाहीः-** *वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा तत्काल घटना का संज्ञान लेकर घटना के शीघ्र व सफल अनावरण हेतु व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु आदेश निर्देश निर्गत किये गये। आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सन्तोष कुमार त्यागी के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 21.08.2026 को मुखबिर की सूचना पर थाना कुतुबशेर पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में त्वरित कार्यवाही करते हुए चोरी की घटना में* ***वांछित अभियुक्त अरूण पुत्र सूरजभान उर्फ काला निवासी ग्राम कोलागढ़ थाना कुतुबशेर जिला सहारनपुर*** *को अंबाला रोड़ बड़ी नहर पुल के बराबर बाले मोड़ से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित चोरी गये रुपयों मे से 5000/- रूपये नकद बरामद हुए। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गई। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

**विवरण पूछताछः-** *अभियुक्त अरूण उपरोक्त ने पूछने पर बताया कि मै तथा मेरा साथी गौरव मिलकर छोटी मोटी चोरी कर लेते है तथा दिनांक 13/14.08.2026 की रात्रि मे अपने ही गांव के रामस्वरुप के मकान से करीब 01 लाख रुपये चोरी किये थे जिसे हम दोनो ने बराबर बराबर बांट लिया था। आज जो पांच हजार रुपये मुझसे बरामद हुए है ये उसी चोरी के रूपयो में से बचे हुए है, बाकी पैसे मैने खर्च कर दिये।*

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

*अरूण पुत्र सूरजभान उर्फ काला निवासी ग्राम कोलागढ़ थाना कुतुबशेर जिला सहारनपुर*

**बरामदगी का विवरणः-**

- *5000/- रुपये बरामद*

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का नामः-**

1. *प्रभारी निरीक्षक श्री सन्तोष कुमार त्यागी थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।*
2. *उ0नि0 श्री अजयपाल सिंह थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर*
3. *है0का0 840 अनुज आर्य थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर*
4. *है0का0 31 सुभाष सिंह थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर*

दिनांक: 21.08.2026

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना कुतुबशेर, सहारनपुर पुलिस द्वारा 01 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 01 अवैध चाकू बरामद

*अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में चोरी, लूट, डकैती, नकबजनी, छिनैती आदि आपराधिक घटनाओं की रोकथाम हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार गस्त व चैकिंग की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री संतोष सिंह त्यागी के कुशल नेतृत्व में थाना कुतुबशेर पुलिस द्वारा आज दिनांक 21.08.2026 को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त* ***अंकित कुमार पुत्र महेन्द्र सिह निवासी पुष्पांजली विहार जनता रोड थाना कुतुबशेर जिला सहारनपुर*** *को माल गोदाम रोड पर नाटक क्लब के पास से गिरफ्तार किया गया तथा कब्जे से 01 अवैध चाकू बरामद हुआ। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना कुतुबशेर पर मु0अ0सं0-382/26 धारा - 4/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया । अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

### गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

*अंकित कुमार पुत्र महेन्द्र सिह निवासी पुष्पांजली विहार जनता रोड थाना कुतुबशेर जिला सहारनपुर सहारनपुर*

### बरामदगी का विवरणः-

- *01 अवैध चाकू*

### गिरफ्तार अभियुक्त का अपराधिक इतिहास –

1. *मु0अ0सं0 002/2025 धारा 305(a), 317(2), 331(3) बीएनएस थाना जनकपुरी जनपद सहारनपुर ।*
2. *मु0अ0सं0 180/2025 धारा 4/25 आ0अधि0 व धारा 305(a), 317(2) बीएनएस थाना जनकपुरी सहारनपुर*
3. *मु0अ0सं0 88/2025 धारा 305(a), 317(2) बीएनएस थाना कोतवाली मण्डी जनपद सहारनपुर ।*
4. *मु0अ0सं0 72/2026 धारा 305(a), 317(2) बीएनएस थाना सरसावा जनपद सहारनपुर ।*
5. *मु0अ0सं0 73/2026 धारा 3/25 आर्मस एक्ट थाना सरसावा जनपद सहारनपुर ।*

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का नामः-

1. *उ0नि0 श्री अमित कुमार थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर ।*
2. *का0 2097 अशोक कुमार सिह थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर ।*
3. *का0 1369 संघप्रिय गौतम थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर ।*

दिनांक: 21.08.2026

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## ***थाना कुतुबशेर, सहारनपुर पुलिस द्वारा 01 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 01 अवैध चाकू बरामद***

*अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में चोरी, लूट, डकैती, नकबजनी, छिनैती आदि आपराधिक घटनाओं की रोकथाम हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार गस्त व चैकिंग की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री संतोष सिंह त्यागी के कुशल नेतृत्व में थाना कुतुबशेर पुलिस द्वारा आज दिनांक 21.08.2026 को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त* ***रितिक पुत्र हंसराज निवासी रविदास मंदिर के पास मानकमऊ थाना कुतुबशेर जिला सहारनपुर*** *को थरोली रोड़ गैस एजेंसी के पास से गिरफ्तार किया गया तथा कब्जे से 01 अवैध चाकू बरामद हुआ। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना कुतुबशेर पर मु0अ0सं0-381/26 धारा 4/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

***गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-***

*रितिक पुत्र हंसराज निवासी रविदास मंदिर के पास मानकमऊ थाना कुतुबशेर जिला सहारनपुर।*

***बरामदगी का विवरणः-***

- *01 नाजायज चाकू*

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का नामः-***

1. *उ0नि0 श्री कुलवंत सिंह मलिक थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।*
2. *का0 1913 राजन थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।*
3. *रि0का0 1381 अजय कुमार थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।*

-प्रेस नोट-

दिनांक –21.08.2026

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहानरपुर उत्तर प्रदेश

## थाना सरसावा पुलिस द्वारा चोरी के मुकदमे में वांछित 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किये गये 04 सीसीटीवी कैमरे बरामद

*अवगत कराना है कि दिनांक 28.07.2026 को वादी सुधीर पुत्र स्व0 श्री कर्ण सिंह निवासी ग्राम झबीरन थाना सरसावा जिला सहारनपुर की लिखित तहरीर बाबत अभियुक्तगण 1. आदेश पुत्र सोम्मा 2. मीना पत्नी आदेश 3. हरवीर पुत्र मामराज 4. संदीप पुत्र यशपाल 5. अमन पुत्र कनकी 6. संदीप पुत्र चन्द्रवीर व 7. हंस पुत्र सोमनाथ निवासीगण ग्राम झबीरन थाना सरसावा जिला सहारनपुर द्वारा वादी के साथ गाली गलौच कर घर पर ईट-पत्थर बरसाना व घर पर लगे कैमरे को तोड़कर ले जाना तथा अश्लील हरकत करना व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध मे थाना सरसावा पर मु0अ0सं0 243/26 धारा 191(2),125,352,296,351(2),303(2) बीएनएस पंजीकृत कराया गया।*

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा उपरोक्त घटना का संज्ञान लेकर अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु दिशा-निर्देश दिये गये। जिनके अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नकुड के निकट पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष प्रवेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में दिनांक 21.08.2026 को थाना सरसावा पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त **आदेश पुत्र सोम्मा निवासी ग्राम झबीरण थाना सरसावा जनपद सहारनपुर** को ग्राम झबीरण से अम्बाला सहारनपुर हाईवे से होते हुए सरसावा कट की तरफ से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से चोरी के 04 कैमरे (सीपी प्लस) बरामद हुए। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 305(ए)/317(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी। अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

***गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-***

*आदेश पुत्र सोम्मा निवासी ग्राम झबीरण थाना सरसावा जनपद सहारनपुर।*

***गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-***

- *04 सीसीटीवी कैमरे (सीपी प्लस)*

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-***

1. *श्री प्रवेश कुमार थानाध्यक्ष सरसावा सहारनपुर।*
2. *उ0नि0 अतुल कुमार थाना सरसावा जनपद सहारनपुर।*
3. *रि0का0 2594 विष्णुकान्त थाना सरसावा जनपद सहारनपुर।*
4. *रि0का0 2574 विनेश कमार थाना सरसावा सहारनपुर।*

-प्रेस नोट-

**दिनांक –21.08.2026**

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहानरपुर उत्तर प्रदेश

## थाना देवबंद पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास में 02 वाछित अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 अवैध तमन्चा 315 बोर बरामद

*अवगत कराना है कि दिनांक 12.06.2026 को वादी श्री रविकान्त त्यागी पुत्र रजनीश त्यागी नि0 ग्राम खेडी आशा थाना देवबन्द जिला सहारनपुर की लिखित तहरीर बाबत अभियुक्तगण 1. पारस पुत्र सजय 2. सजय पुत्र सुरेश 3. सत्यवान पुत्र सुरेश 4. बिदुर उर्फ नीटू पुत्र विनोद 5. शानू पुत्र सत्यवान 6. लडडू पुत्र सतीश निवासीगण ग्राम लखनौती थाना देवबन्द जिला सहारनपुर व दो व्यक्ति नाम पता अज्ञात द्वारा वादी के ऊपर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने के सम्बन्ध में थाना देवबंद पर मु0अ0सं0- 422/2026 धारा 191(1)/109(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया।*

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा उपरोक्त घटना का संज्ञान लेकर अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु दिशा-निर्देश दिये गये, जिनके अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी देवबंद के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री कपिल देव थाना देवबंद के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 21.08.2026 को देवबंद पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्तगण **1.पारस त्यागी पुत्र संजय त्यागी निवासी ग्राम लखनौती थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर 2.रितिक त्यागी उर्फ लडडू पुत्र सतीश नि0 ग्राम लखनौती थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर** को मुखबिर की सूचना पर साखन खुर्द नहर पुलिया से गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से घटना मे प्रयुक्त 01 तमंचा 315 बोर बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 3/25/27 शस्त्र अधि0 की वृद्धि की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

***<u>गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता</u>***

1. *पारस त्यागी पुत्र संजय त्यागी नि0 ग्राम लखनौती थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर।*
2. *रितिक त्यागी उर्फ लडडू पुत्र सतीश नि0 ग्राम लखनौती थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर।*

***<u>बरामदगी का विवरण</u>***

- *01 अवैध तमन्चा 315 बोर (घटना में प्रयुक्त)*

***<u>अभियुक्त पारस का आपराधिक इतिहासः-</u>***

1. *मु0अ0सं0 612/2022 धारा 120-B, 302, 34 भादवि थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर।*
2. *मु0अ0सं0 648/2022 धारा 3/25/27 आयुध अधि0 थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर।*
3. *मु0अ0सं0 146/2024 धारा 307 भादवि व 3/25/27 थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर।*

***<u>गिरफ्तारी करने वाली टीम</u>***

1. *उ0नि0 श्री सुबोध कुमार थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर।*
2. *है.का.1209 रविन्द्र कुमांर थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर।*
3. *का0 2173 विवेक थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर।*
4. *रि0का0 668 अतुल कुमार थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर।*

-प्रेस नोट-

दिनांक –21.08.2026

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहानरपुर उत्तर प्रदेश

## थाना देवबंद पुलिस द्वारा अश्लील फब्तिया कसने वाले 01 मनचले अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

*अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान फेज-5 द्वितीय चरण के अन्तर्गत समस्त थानों पर तैनात मिशन शक्ति टीम/एण्टीरोमियों द्वारा लगातार गश्त व चैकिंग की जा रही है। इसी क्रम में आज दिनांक 21/08/2026 को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी देवबन्द के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक कपिल देव के कुशल नेतृत्व में थाना देवबंद की मिशन शक्ति/ एन्टीरोमियो टीम द्वारा बाजार में गश्त के दौरान अभियुक्त* ***मन्सूर पुत्र मन्जूर निवासी मौ0 पठानपुरा थाना देवबन्द जिला सहारनपुर*** *को आने-जाने वाली महिलाओं पर अश्लील फब्तियां कसते हुए गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना देवबंद पर मु0अ0सं0 607/2026 धारा 296 बीएनएस पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

***गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-***

*मन्सूर पुत्र मन्जूर नि0 मौ0 पठानपुरा थाना देवबन्द जिला सहारनपुर।*

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-***

1. *उ0नि0 श्री रोबिल्स कुमार थाना देवबन्द जिला सहारनपुर।*
2. *का0 1646 दीपक कुमार थाना देवबन्द जिला सहारनपुर।*
3. *म0का0 797 सोनाली थाना देवबन्द जिला सहारनपुर।*
4. *म0का0 746 सोनी थाना देवबन्द जिला सहारनपुर।*